दिनांकः 27.01.2026
समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचारं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि **भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता, भारत–ब्रिटेन व्यापार समझौते** का पूरक हैं इससे विनिर्माण सेवा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगां आज **भारत ऊर्जा सप्ताह** के उदघाटन समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र के लिए भारत अवसरों की भूमि हैं भारत ऊर्जा सप्ताह देश के ऊर्जा क्षेत्र का पता लगाने और दुनिया भर से निवेशकों को आकर्षित करने का एक मंच हैं

.......................

000

संसद के कल से शुरू होने वाले बजट सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई हैं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि यह बैठक संसदीय कार्यों को सुव्यवस्थित करने और सत्र के दौरान उठने वाले प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलायी गयी हैं

इधर राज्य विधानसभा का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा हैं इससे पहले आज सर्वदलीय बैठक होगीं विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सभी दलों और सदस्यों से अपील की है कि वे सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए इस बैठक में अपने सुझाव दें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी बजट सत्र से पहले आज अपने आवास पर भाजपा विधायक दल की बैठक बुलायी हैं

000

दिल्ली–मुम्बई एक्सप्रेस–वे पर आज दौसा जिले में एक सड़क हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गयी और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गयां हादसा पापड़दा क्षेत्र में कार और ट्रक की टक्कर से हुआं इसमें उज्जैन से महाकाल के दर्शन कर लौट रहे कार सवार श्रद्वालुओं की मौके पर मौत हो गयीं उधर नागौर जिले के लाडनू में बीती रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक स्कूटी को टक्कर मार दीं हादसे में स्कूटी सवार दो युवतियों ने मौके पर ही दम तोड दियां

000

भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर में आज पुलिस ने अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ़ बडी कार्यवाही कीं जिला स्पेशल टीम की ओर से की गई इस कार्यवाही में 13 ट्रेक्टर, 5 जे.सी.बी. मशीने और 3 डम्पर जब्त किये गयें जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि बजरी माफियाओं के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं

000

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम ने करवट ली हैं आज भरतपुर, केलवाड़ा और जमवारामगढ़ में ओले गिरें राजधानी जयपुर और सवाईमाधोपुर सहित कई स्थानों पर गरज के साथ बारिश हुईं मौसम विभाग की ओर से 13 जिलों में आंधी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और 14 जिलों में यलो अलर्ट बताया गया हैं वहीं अगले दो दिन कई स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने की संभावना हैं

000

प्रवर्तन निदेशालय ने जयपुर स्थित पर्ल्स समूह और उससे जुड़ी संस्थाओं में वित्तीय लेन–देन में गडबड़ी की जांच में कई अचल संपत्तियों को अटैच किया हैं ईडी की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि सीबीआई की जांच में यह साफ हुआ कि पीएसीएल ग्रुप ने नियमों के खिलाफ निवेश स्कीम चलायीं समूह ने खेती की जमीन की बिक्री और विकास की आड़ में देश भर के लाखों निवेशकों के साथ साठ हजार करोड रूपयें से अधिक की धोखाधडी कीं मामले की जांच की जा रही हैं

000

पाली ज़िले के हेमावास गांव की पहचान अब अत्मनिर्भर महिलाओं से होने लगी हैं यहां की महिलाओं ने चूडी उद्योग से जुड़कर स्वालंबन और आर्थिक विकास की अलख जगायी हैं और ब्यौरा हमारे पाली संवाददाता से–

.......................

000